न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 668 सन 2019

अनवान :–

1. विकास कुमार पुत्र राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. विजयपाल पुत्र बुधराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ

वादी

बनाम

1. लादुराम पुत्र डूगरराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. राजाराम 3 बुधराम 4 सत्यवीर पि0 लादुराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

5 सरबतीदेवी 6 आशादेवी 7 धन्नादेवी पुत्रीयान लादुराम जाति जाट साकिन सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

8 इन्दुबाला पुत्री राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

9 पुनम पुत्री राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ

10 नितु पुत्री बुधराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

11 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88

उपस्थित : श्री राजपाल झोरड अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज

निर्णय दिनांक :– 22/7/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा सोनडी के खाता संख्या 379/365 के खसरा न0 16/3 की 1.6690हैक खसरा न0 18/2 की 4.7550हैक खसरा न0 587 की 7.8030हैक खसरा न0 777 की 7.2340हैक खसरा न0 852/5.6270हैक खसरा न0 860/1.0620हैक कुल 28.1500हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें 1/2 हिस्सा दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 10 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 जो वादी की बहने/माता है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री /पत्नि है प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

उप खण्डाधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 बहिव के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 10 स्वय न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता डुगरराम पुत्र लेखू के देहान्त होने पर विरास्तन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 10 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 ,जो वादी की बहन एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाईयों/पिता वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। ईकबाल दावा तस्दीक किया जाकर शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 11 पेरोकार राज ने जबाव पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नहीं है जबाव शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा सोनडी के खाता संख्या 379/365 के खसरा न0 16/3 की 1.6690हैक खसरा न0 18/2 की 4.7550हैक खसरा न0 587 की 7.8030हैक खसरा न0 777 की 7.2340हैक खसरा न0 852/5.6270हैक खसरा न0 860/1.0620हैक कुल 28.1500हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें 1/2 हिस्सा दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखू के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 10 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 जो वादी की बहने/माता है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री /पत्नि है प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 का बराबर का हक हिस्सा है जिसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 10 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

उप खण्डाधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा सोनडी के खाता संख्या 379/365 के खसरा न0 16/3 की 1.6690हैक खसरा न0 18/2 की 4.7550हैक खसरा न0 587 की 7.8030हैक खसरा न0 777 की 7.2340हैक खसरा न0 852/5.6270हैक खसरा न0 860/1.0620हैक कुल 28.1500हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें 1/2 हिस्सा दर्ज है।

जमाबन्दी सम्वत 2029 से 2038 भु0प्रबन्ध के अनुसार वाद भूमि डुगरराम पुत्र लेखु के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखु के नाम से दर्ज है वादी के दादा डुगरराम पुत्र लेखु के देहान्त होने के वाद विरासतन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरासतन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को वरावर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 10 वहिव के हकदार है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 जो वादी की वहने है ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 स्वय न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के सामर्थन में ईकवाल भी पेश किया जा चुका है जो तस्दीक किया जाकर शमिल मिसल किया जा चुका है।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सवुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काविल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 5 ता 10 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 10 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सवुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा सोनडी के खाता संख्या 379/365 की कुल 28.1500हैक भूमि में सयुक्त तौर से प्रतिवादी संख्या 1 के नाम 1/2 हिस्सा दर्ज है में प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1/4 हिस्सा , वादी संख्या 1 व प्रतिवादी संख्या 2 बहिव 1/4 हिस्सा व वादी संख्या 2 प्रतिवादी संख्या 3 वहिव 1/4 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 4 अकेला 1/4 हिस्सा के खातेदार काश्तकार धोशित किया जाता है है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि वैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

पर्चा डिक्री

(आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1 विकास कुमार पुत्र राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2 विजयपाल पुत्र बुधराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ

वादी

बनाम

1 लादुराम पुत्र डूगरराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2 राजाराम 3 बुधराम 4 सत्यवीर पि0 लादुराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
5 सरबतीदेवी 6 आशादेवी 7 धन्नादेवी पुत्रीयान लादुराम जाति जाट साकिन सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
8 इन्दुबाला पुत्री राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
9 पुनम पुत्री राजाराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ
10 नितु पुत्री बुधराम जाति जाट निवासी सोनडी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
11 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
राजस्व वाद संख्या 668 सन 2019 निर्णय दिनांक– 22/7/2020

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा सोनडी के खाता संख्या 379/365 की कुल 28.1500हैक भूमि में सयुक्त तौर से प्रतिवादी संख्या 1 के नाम 1/2 हिस्सा दर्ज है में प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1/4 हिस्सा , वादी संख्या 1 व प्रतिवादी संख्या 2 बहिब 1/4 हिस्सा व वादी संख्या 2 प्रतिवादी संख्या 3 बहिब 1/4 हिस्सा प्रतिवादी संख्या 4 अकेला 1/4 हिस्सा के खातेदार काश्तकार धोशित किया जाता है है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner